Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 12 मार्च, 2020

एस.एस. देसवाल

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के महानिदेशक एस.एस. देसवाल को सीमा सुरक्षा बल (BSF) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वहीं BSF के निदेशक विवेक जौहरी को वापस मध्य प्रदेश कैडर में भेज दिया गया है। इससे पूर्व एस.एस. देसवाल सीमा सुरक्षा बल (BSF) और सशस्त्र सीमा बल (SSB) के महानिदेशक रह चुके हैं। वे 1984 बैच के हरियाणा कैडर के IPS अधिकारी हैं। BSF पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारतीय सीमा की सुरक्षा करती है, इसे भारतीय क्षेत्र की सीमा सुरक्षा की पहली पंक्ति भी कहा जाता है। BSF का गठन 1 दिसंबर, 1965 को किया गया था, इसका उद्देश्य देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। इसका गठन कई राज्य सशस्त्र पुलिस बटालियन के विलय से किया गया था। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) का गठन वर्ष 1962 में किया गया था, ITBP को लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश के मध्य तैनात किया जाता है। प्राकृतिक आपदाओं के समय ITBP देश भर में बचाव और राहत अभियान चलाता है।

COVID एक्शन प्लेटफॉर्म

विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने कोरोनोवायरस के प्रभाव से निपटने हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के सहयोग से 'COVID एक्शन प्लेटफॉर्म' लॉन्च किया है। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य निजी क्षेत्र की सहायता से कोरोनावायरस के प्रकोप को रोकने के लिये कार्य करना है। इस प्लेटफॉर्म का प्रमुख कार्य आपूर्ति श्रृंखला को मज़बूत बनाना है ताकि आवश्यक स्वास्थ्य उपकरण और दवाएँ समय पर उपलब्ध हो सकें। इस प्लेटफॉर्म का निर्माण विश्व भर के 200 कॉर्पोरेट लीडर्स के साथ विचार-विमर्श करके किया गया है। विश्व आर्थिक मंच एक गैर-लाभकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसकी स्थापना वर्ष 1971 में हुई थी। इसका मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में है। फोरम वैश्विक, क्षेत्रीय और औद्योगिक एजेंडों को आकार देने के लिये राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र के अग्रणी नेतृत्व को एक साझा मंच उपलब्ध कराता है। यह एक स्वतंत्र और निष्पक्ष संगठन है।

विश्व बैंक, भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार के मध्य समझौता

भारत सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार और विश्व बैंक ने हिमाचल प्रदेश में कुछ चयनित ग्राम पंचायतों (ग्राम परिषदों) की जल प्रबंधन प्रक्रियाओं में सुधार लाने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिये 80 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। हिमाचल प्रदेश में जल की स्रोत स्थिरता और जलवायु लचीली वर्षा-आधारित कृषि के लिये एकीकृत परियोजना 10 ज़िलों की 428 ग्राम पंचायतों में लागू की जाएगी, इससे 4,00,000 से अधिक छोटे किसानों, महिलाओं और देहाती समुदायों को लाभ होगा। कृषि और इसकी संबद्ध गतिविधियों के लिये जलवायु लचीलेपन को बढ़ाना इस परियोजना का एक प्रमुख घटक है जिसके लिये पानी एक कुशल उपयोग केंद्र बिंदु है। इस परियोजना के तहत जल गुणवत्ता और मात्रा की निगरानी के लिये हाइड्रोलॉजिकल निगरानी स्टेशन भी स्थापित किये जाएंगे।

वसीम जाफर

प्रसिद्ध भारतीय बल्लेबाज़ वसीम जाफर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। 42 वर्षीय वसीम जाफर ने भारत के लिये अपना अंतिम टेस्ट मैच अप्रैल 2008 में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध कानपुर में खेला था। ध्यातव्य है कि रणजी ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने के साथ-साथ सबसे ज़्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड वसीम जाफर के नाम ही है। घरेलू क्रिकेट में अद्वितीय प्रदर्शन के कारण वसीम जाफर को घरेलू क्रिकेट के सचिन तेंदुलकर के रूप में भी जाना जाता है। वर्ष 2008 तक वसीम जाफर ने कुल 31 टेस्ट मैचों और 2 एक दिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-12-march-2020